जनसुनवाई में आए 118 आवेदन

सिवनी, देशबन्धु। प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। आयोजित जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सी एल चनाप, अपर कलेक्टर सुनीता खण्डायत सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही।

जिलास्तरीय जनसुनवाई में संजय वार्ड सिवनी निवासी मोहिद खान द्वारा बीपीएल राशन कार्ड बनाये जाने विषयक, ग्राम कान्हीवाडा निवासी फैमिदा बी द्वारा आवास हेतु भूमि प्लाट दिलाये जाने विषयक, ग्राम पांडीवाडा तहसील केवलारी निवासी कैलाश बाई भलावी द्वारा आधार कार्ड बनाये जाने विषयक, ग्राम थांवरी खमरिया तहसील धनौरा निवासी रविंद्र कुमार नेताम द्वारा आईडी में सुधार किये जाने विषयक, ग्राम मगरकठा तहसील बरघाट निवासी लखनलाल यादव द्वारा त्रुटिपूर्ण बिजली बिल भुगतान राशि कम किये जाने विषयक, ग्राम वार्ड नं.13 घंसौर निवासी रानी नामदेव द्वारा संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम सिहोरा थाना बंडोल निवासी अनारकली धुर्वे द्वारा डीएलएड छात्रवृत्ति दिलाये जाने विषयक, ग्राम घंसौर तहसील घंसौर निवासी लेखराम चौधरी द्वारा राजस्व अभिलेख में सुधार किये जाने विषयक, ग्राम सिंदरिया सुकतरा निवासी सीताराम डेहरिया द्वारा बयनामा रजिस्ट्री के आधार पर नामांतरण किये जाने विषयक, ग्राम मेहराबोडी थाना अरी निवासी धनीराम ग्वालवंशी द्वारा किसान सम्मान निधि राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम डूंडासिवनी निवासी आशा उइके द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम लूघरवाडा सिवनी निवासी गीता जैन द्वारा पेंशन योजना का लाभ एवं गरीबी रेखा का कार्ड बनाये जाने विषयक, ग्राम पायली खुर्द छपारा निवासी टेकचंद बरमैया द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम उमरिया निवासी ध्रुवकुमार धुर्वे द्वारा भूमि का सीमांकन कराये जाने एवं रसीद दिलाये जाने विषयक, ग्राम देवघाट थाना पलारी निवासी रश्मि यादव द्वारा संबल योजना का लाभ दिलाये जाने विषयक, ग्राम पौनिया बरघाट निसासी जीवन द्वारा प्रधानमंत्री योजनांतर्गत सहायता राशि दिलाये जाने विषयक सहित कुल 118 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कलेक्टर संस्कृति जैन ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

छत्रपति शिवाजी की 395 वीं जयंती पर शौर्य दौड़ आयोजित

सौसर, देशबन्धु। श्री शिवराय संगठन के तत्वाधान में छत्रपति शिवाजी महाराज की 395 वीं जयंती के अवसर पर 10 किमी की शौर्य दौड़ का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । जिसमे भाग लेने देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागी धावक भाग लेने सौसर के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पहुंचे।

शिवाजी जयंती कार्यक्रम प्रभारी और संगठन के सचिव निखिल जूनघरे ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला पांढुरना नीरज सोनी एवं पूर्व नपा अध्यक्ष लक्ष्मण चाके ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का पुजन किया, इसके बाद ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी दी और कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों सहित गणमान्य नागरिकों ने राष्ट्रगान गाया । इसके बाद मुख्य अतिथि सहित उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने दौड़ में भाग लेने आए प्रतिभागी धावकों को झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। 10 किमी की यह शौर्य दौड़ नगर के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक से प्रारंभ होकर भगवान अर्धनारीश्वर की नगरी मोहगांव हवेली के स्वागत द्वार पहुंचकर पुनः वापस छत्रपति

10 किमी की दौड़ लगाई विभिन्न राज्यों के धावकों ने

शिवाजी महाराज चौक सौसर पहुंची, इस दौड़ ने लगभग 175 से अधिक धावकों ने भाग लिया।

इस शौर्य दौड़ में नागपुर महाराष्ट्र से आए राजन यादव ने प्रथम स्थान,नागपुर के पियूष मसाने ने द्वितीय स्थान और कानपूर उत्तरप्रदेश के रवि कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हे क्रमशः 31000 रूपये की नगद राशि नवीन कंस्ट्रक्शन, 15000 रूपये उमिया जिनिंग, और 7500 की नगद राशि विनोद जूनघरे नपा उपाध्यक्ष सौसर की ओर से पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई। इस दौड़ में महिला धावकों ने भी भाग लिया जिसमे इशिका वर्मा, जान्हवी मते, मयूरी बिंझाडे, शीतल कावड़े, विभा सोलंकी, धनश्री करोकार, योगिता करोकार, भाविका करोकार ने भाग लिया । इन महिला धावकों को प्रोत्साहन के रूप में 2100 रुपए की नगद राशि प्रदान की गई।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नानाभाऊ मोहोड़ पूर्व मंत्री मप्र शासन, अजय देव शर्मा कलेक्टर जिला पांढुरना, सुंदर सिंह कनेश पुलिस अधीक्षक जिला पांढुरना,नीरज सोनी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला पांढुरना, सिद्धार्थ पटेल, अनुविभागीय अधिकारी सौसर, डीवीएस नागर उपविभागीय अधिकारी (पुलिस), सौसर, संदीप भाऊ मोहोड जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष पांढुरना, लक्ष्मण चाके पूर्व नपाध्यक्ष सौसर, संजय राठी पूर्व नपाध्यक्ष सौसर, संजय भूते जनपद अध्यक्ष सौसर, सुरेखा डागा नपा अध्यक्ष, विनोद जुनघरे उपाध्यक्ष नपा सौसर, संदीप घाटोडे नपाध्यक्ष मोहगांव हवेली, रामभरोस डिगरसे विभाग कार्यवाह,रूपलाल उईके थाना प्रभारी सौसर, ए बी मर्सकोले थाना प्रभारी लोधीखेड़ा, जीतेन्द्र बघेल थाना प्रभारी मोहगांव, मोरेश्वर मर्सकोले सामाजिक कार्यकर्ता,प्रदीप बिघाने अध्यक्ष श्री शिवराय संगठन सौसर, पूर्व सैनिक प्रदीप कलसकर, आशीष ठाकरे सहित श्री शिवराय संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

श्री शिवराय संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राहुल मोहोड़ मित्र मंडल, समस्त सौसर नगरवासियों, नगर पालिका परिषद सौसर एवं मोहगांव के अधिकारी कर्मचारीयो सहित पुलिस प्रशासन एवं इस कार्यक्रम का मीडिया कवरेज करने वाले सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।

सार-समाचार

छपारा में भाजपा की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का स्वागत

छपारा, देशबन्धु । भारतीय जनता पार्टी की नव नियुक्त जिला अध्यक्ष मीना बिसेन का जिला अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद छपारा मे प्रथम आगमन 17 फरवरी को हुआ जहां पार्टी के पदाधिकारीओ कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी बैंड बाजो के साथ पुष्प माला पुष्प गुच्छ से भव्य स्वागत किया उनके साथ केवलारी के पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष आलोक दुबे संतोष अग्रवाल वेद सिंह ठाकुर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष युवराज सिंह रागढाले सहित कई नेता उपस्थित थे सर्वप्रथम भीमगढ़ रोड़ मैं अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद खान निवास में पहुंचकर कार्यकर्ताओं से कार्यकर्ताओं से मिले तत्पश्चात निर्धारित कार्यक्रम स्थल रेस्ट हाउस पहुंची पंडित दीनदयाल उपाध्याय एंव श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत माता के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जहां सभी भारतीय जनता पार्टी के जस्ट श्रेष्ट कार्यकर्ताओं ने वारी2- से नव नियुक्त जिला अध्यक्ष का पुष्प गुच्छ से स्वागत सत्कार किया इस अवसर पर पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह जी ने अपने सर गर्वित उद्बोधन दिए तत्पश्चात मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने प्रतीक चिन्ह भेंट नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल उपाध्यक्ष शिवाकांत सिंह ने साल श्री फल से भाजपा जिला अध्यक्ष का स्वागत किया ? स्वागत समारोह कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता बाबूलाल अग्रवाल राकेश पटेल कक्कू भैया विजय गोयल नागेंद्र सिंह जिला महामंत्री जयदीप सिंह चौहान अल्प संख्यक मोर्चा अध्यक्ष शाहिद खान ठाकुर व्यास नारायण सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष लेखराम साहू सोहन कश्यप नवनीत सिंह सुनील गोयल पूर्व मंडल अध्यक्ष पंकज जोलदेव नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती निशा सुरेश पटेल नगर परिषद उपाध्यक्ष शिवाकांत सिंह भगवानदास सोनी राघवेंद्र नारायण पाठक कैलाश तंतुवाय ठाकुर मेहताब सिंह प्रशांत सिंह महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा जाबरे अल्पसंख्यक युवा मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष अंकित तंतुवाय अल्पसंख्यक मोर्चा ब्लॉक अध्यक्ष किसान मोर्चा के अध्यक्ष पार्षद धर्मेंद्र जैन राकेश भारद्वाज ठाकुर प्रितेन्द सिंह श्रीमती शिवनीता जितेन्द्र सिंह पार्षद दिनेश ऊईके पार्षद विशाल ठाकुर पार्षद निर्मला पप्पू ठाकरिया पार्षद मोनू कोस्टा चेतराम डेहरिया चक्रेश सिंह स्वर्णिम साहू प्रदीप जैन आतिफ बाबा अतीक खान सार्थक अग्रवाल शुभम सिंह संतोष खरे अंनस बाबा नीतू विश्वकर्मा सरोज जायसवाल आदि बड़ी संख्या में भाजपा के जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

विधिक साक्षरता शिविर एवं मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

सिवनी, देशबन्धु। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्रीमान सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में मंगलवार 18 फरवरी को श्रीमती मनीषा बसेर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय सिवनी द्वारा मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कुटुम्ब न्यायालय परिसर में किया गया। उक्त कार्यक्रम में मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में पक्षकारगणों को मध्यस्थता योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दि गई। साथ ही शिविर में उपस्थित श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सिवनी द्वारा 08 मार्च 2025 को आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में जानकारी दि गई। उक्त कार्यक्रम में अधिवक्तागण एवं पक्षकारगण उपस्थित रहे।

426 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

सिवनी, देशबन्धु। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत जिला मुख्यालय के पॉलिटेक्टिनक कॉलेज मैदान में सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। सामूहिक विवाह में 426 जोड़ों ने परिणय सूत्र में बंधकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। इस दौरान विधायक सिवनी दिनेश राय, केवलारी विधायक रजनीश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मालती डेहरिया, जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि, सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय, डिप्टी कलेक्टर रेखा देशमुख सहित जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा आमजन मौजूद थे। अतिथियों द्वारा नवविवाहितों पर चांवल एवं पुष्प की वर्षा कर उन्हें आशीर्वाद दिया गया एवं खुशहाल दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं गई। विवाह पश्चात नवदंपतियों में प्रत्येक को 49-49 हजार रुपए का चेक प्रदान किया। डिप्टी कलेक्टर एवं सीईओ जनपद सिवनी से प्राप्त जानकारी अनुसार सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 190 जोड़ों ने हिन्दू रीतिरिवाज, 218 आदिवासी रिवाजो से एवं 07 जोड़ों ने मुस्लिम तथा 11 जोड़े ने बौद्ध रीतिरिवाज से विवाह किया। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के सहयोग के लिए संचालित योजना के तहत आयोजित इस समारोह के दौरान वर-वधू और परिजनों में खुशी की लहर रही। परिवारजनों ने बेटी के विवाह पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से पुत्री का विवाह धूमधाम से सम्पन्न हो गया है। इसके लिए सभी परिवारजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

पूर्णायु पोषक आहार वितरण अभियान

गोटेगांव, देशबन्धु। नगर की शैक्षणिक संस्था सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव प्राथमिक विभाग में प्रार्थना सभा में राष्ट्रीय हित चिंतक जगत पूज्य आचार्य प्रवर संत शिरोमणि विद्यासागर महाराज मुनिराज के प्रथम समाधि स्मृति पर आचार्य समय सागर महाराज के मंगल आशीष से सरस्वती शिशु मंदिर गोटेगांव के सभागार में पूर्ण आयु पोषक आहार वितरण अभियान में कार्यक्रम की अतिथि जिला पंचायत जैन महासभा के अध्यक्ष राजकुमार जैन व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर गोटेगांव पंकज जैन अनुपम मॉल अध्यक्ष श्री देव मुरलीधर विद्यालय पंकज ट्रेडर्स अनिल जैन डॉक्टर अनिल जैन ज्योति मेडिकल संदीप जैन विद्या इलेक्ट्रिकल्स संजय जैन अरिहन्त इन्टर प्राइजेजचक्रेश जैन देवदत्त पचौरी सा व्यवस्थापक अनिल जैन कूड़ा वाले प्राचार्य कमलेश तिवारी प्रधानाचार्य नर्मदा प्रसाद गुप्ता संत शिरोमणि विद्यासागर महाराज के तेल चित्र पर दीपप्रज्जवलन से हुआपूर्णायु पोषक आहार वितरण अभियान में जिला पं जैन पंचायतसमाज के अध्यक्ष राजकुमार जैन ने मुनि श्री 108 विद्यासागर जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए जिनका व्यक्तित्व तब संयम त्याग सागर जितना विराट है विशाल है उनके बारे में लिखते लिखते कलम भी थक जाए उनके गुण इतने

अगनित संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज सम्यक ज्ञान सम्यक दर्शन सम्यक चारित्र की त्रिवेणी थे उनका सम्यक दर्शन जितना आत्म बोध लिए था उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था संस्था प्राचार्य कमलेश तिवारी ने संत शिरोमणि श्री 108 के के दिव्या विभूति थे उनका आत्मज्ञान समाज के लिए प्रेरक था इस अभियान में भैया बहनों को पोषक आहार के पैकेट वितरित किए गए ।

कक्षा नर्सरी से पंचम तक के भैया बहनों बहनों को पोषक आहार नियमित कैसे लेना है इसका उल्लेख किया गया संस्था केलगभग 1000 शिशु कक्षाओं के भैया बहनों को लाभ होगा इस अभियान में कार्यक्रम की आचार्य गाणोंकी उपस्थिति थी। जिसमें संजय जैन, किशोर शुक्ला, राम सिया मिश्रा, तुलसा नामदेव, पूजा यादव, अंजना दीक्षित, सविता राजपूत, रजनी पटेल, किरण चौरसिया, कल्पना चौरसिया, वंदना पटेल, सपना मेहरा, शिवानी मेहरा, प्रतिभा पाठक कार्यक्रम का संचालन अनिल अग्निहोत्री ने किया।

अवैध धंधों पर नहीं लगा अंकुश

सौसर/पांढुर्ना, देशबन्धु। छिंदवाड़ा तथा पांढुर्ना जिले में इन दिनों अवैध कारोबार जोरो शोरो से चल रहा है हालांकि गत वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को सातों सींटो पर अवैध करोबार के चलते पटकनी खानी पढ़ी थी। चुनाव परिणाम आने के बाद से भाजपा अवैध कारोबार पर बड़ी आक्रमक दिखाई दी चुंकि भाजपा ने हार का कारण जानकर उस पर काम शुरू कर दिया।

भाजपा की रणनीति के अंतर्गत ही प्रत्येक तहसीलो एवं थानो में भाजपा कार्यकर्त्ताओ द्वारा अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने को लेकर ज्ञापन एवं धरना प्रदर्शन भी किये. इसके चलते आये दिन अवैध शराब, अवैध जुआ, अवैध सट्टा जैसे कारोबारों पर कार्यवाही शुरू होने लगी।

यह कार्यवाही सतत लोकसभा चुनाव तक चलते रही और भाजपा को इसका काफी फायदा मिला जिसके फलस्वरूप भाजपा को लोकसभा चुनाव मे फायदा मिला और भाजपा बम्पर वोटो से जीती।

इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की जनता अवैध कारोबार को हमेशा हमेशा के लिए बंद करना चाहती है इसीलिए ही भाजपा को बम्पर वोटो से जिताई।

क्षेत्र के टायगर ग्रुप प्रमुख अंकित गुर्वे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की वर्तमान में सम्पूर्ण जिले अवैध कारोबार जोरो शोरो से चल रहा है लेकिन अवैध कारोबार के खिलाफ ज्ञापन देने वाली सरकार के कार्यकर्त्ता वर्तमान मे किसी प्रकार का कोई ज्ञापन नहीं दे रहे है।

लोकसभा चूनाव होते ही भाजपा दिल्ली तक सत्ता मे विराजमान भाजपा सरकार किसी प्रकार का एक्शन लेने तैयार नहीं है इससे भाजपा का दोहरा चरित्र प्रतीत होता है।

विधानसभा चुनाव मे भाजपा को हार का सामना करना पड़ा जिससे प्रभावित होकर भाजपा ने अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ एक जुट होकर मोर्चा खोला दिया था लेकिन जैसे ही

टाइगर ग्रुप प्रमुख अंकित गर्वे ने भाजपा की चुप्पी पर उठाए सवाल

ने छिंदवाड़ा संसदीय सीट पर अपना कब्ज़ा इस वादे के साथ किया था की छिंदवाड़ा एवं पांढुर्ना जिला अवैध कारोबार मुक्त होंगा लेकिन जनता में ये चर्चा होने लगी है की क्या ये केवल चुनाव जितने तक ही नारा था।

चूंकि वर्तमान मे छिंदवाड़ा एवं पाण्डुर्णा जिले में धड़ल्ले से जुआ, सट्टा, शराब, रेत, एवं अन्य अवैध कारोबार बड़ी मात्रा मे चल रहा है बावजूद इसके गली से लेकर लोकसभा चुनाव सम्पन्न हुआ वैसे ही बड़े पैमाने पर अवैध कारोबार शुरू है लेकिन इसको लेकर अभी कोई ज्ञापन नहीं दे रहा है इसका कारण समझ से परेह है।

टायगर ग्रुप प्रमुख अंकित गुर्वे ने बताया की क्या क्षेत्र मे पुरी तरफ अवैध कारोबार बंद हो गए है इसीलिए कोई भाजपा का कार्यकर्त्ता ज्ञापन नहीं दे रहा है या लोकसभा चुनाव के बाद मामला सेट हो गया।

प्रगति सनोडिया को कलेक्टर ने किया सम्मानित

सिवनी, देशबन्धु । बच्चों में पढ़ाई के कौशल के साथ-साथ विज्ञान पर्यावरण और भूगोल के प्रति जागरूक और कौशल बढाने के लिए कक्षा 6वीं से 12वी में अध्ययनरत बच्चो के बीच विज्ञान प्रदर्शनी मॉडल प्रतियोगिता आयोजित कराई जाती है। इस वर्ष आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में शासकीय माध्यमिक शाला भैरोगंज विकासखण्ड सिवनी में कक्षा 7वीं में अध्ययनरत कु. प्रगति सनोडिया ने क्रमशः ब्लाक ,जिले एवं संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

इसी तरह इंदौर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी 52 जिलों को पछाड़कर कु.प्रगति सनोडिया ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया है। कु.प्रगति सनोडिया का हौसला बढ़ाने के लिए हमारे जिले की शिक्षा के प्रति विशेष रुचि रखने वाली कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के द्वारा मंगलवार 18 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

आचार्यश्री के प्रथम समाधि दिवस पर पोषक आहार का वितरण

गोटेगांव, देशबन्धु। शिशु बाल मंदिर विद्यालय गोटेगांव में संत शिरोमणि गुरु आचार्य विद्यासागर महाराज की प्रथम समाधि दिवस पर पूर्णायु आयुर्वेदिक चिकित्सालय एवं अनुसंधान विद्यापीठ द्वारा निर्मित पोषक आहार का वितरण किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जैन समाज के अध्यक्ष राजकुमार जैन , बाल शिक्षा समिति के वरिष्ट मार्गदर्शक सिंघई अनिल कुमार जैन, अध्यक्ष पंकज जैन, व्यवस्थापक आनंद अग्रवाल, बाल शिक्षा समिति के सदस्य संजय जैन, सदस्य संदीप जैन , विद्यालय के प्रभारी कमलेश नामदेव उपस्थित रहे एवं दीप प्रज्वलित कर आचार्य श्री का मंगल आशीष प्राप्त किया।

आचार्य श्री ने बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रतिभास्थली एवं पूर्णायु संस्थान खोला जिसमें सभी धर्म के लोग एवं बच्चे लाभ प्राप्त कर सके , ताकि हमारे भारत का कोई भी बच्चा कुपोषित व कमज़ोर न हो साथ ही विद्यालय परिवार एवं अभिभावक द्वारा धन्यवाद सहित इस कार्य की अति प्रशंसा की गई।साथ ही आचार्य प्रवर का पुण्य स्मरण किया गया।

रजत महोत्सव पर आएंगी साईं की पादुकाएं

सौसर, देशबन्धु। नगर के साईं मंदिर में मंगलवार को क्षेत्र के विधायक विजय चौरे की उपस्थिति एवं आनंद बक्शी सचिव सच्चीदानन्द सेवा समिति छिंदवाड़ा प्रमुख उपस्थिति में प्रेसवार्ता का आयोजन हुआ।

सच्चिदानंद सेवा समिति श्री शिरडी साई राम मंदिर विवेकानंद कॉलोनी के द्वारा श्री शिरडी साईं बाबा की मूर्ति स्थापना के 25वे वर्ष में रजत महोत्सव के भव्य एवं दिव्य कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं ।

सच्चिदानंद सेवा समिति के कार्यक्रम सचिव आनंद बक्शी ने बताया कि रजत महोत्सव के अंतर्गत भव्य एवं दिव्य कार्यक्रमों की श्रृंखला में फरवरी माह की 23 तारीख दिन रविवार को श्री शिरडी साई बाबा के जीवन काल में प्रयुक्त की गई पादुकाये छिंदवाड़ा में आएंगे इन पादुकाओ का प्रवेश 23 फरवरी दिन रविवार को महाराष्ट्र पांढुर्णा बॉर्डर पर वाड़ेगांव की ओर से होगा।

23 फरवरी दिन रविवार को सौसर में है यात्रा पांढुर्णा से सिवनी राजना होते हुए लगभग 12ः15 बजे पीपला दोपहर 12ः45 बजे बाजार चौक दोपहर 1ः00 बजे सौसर पहुंचेंगे सौसर में इस यात्रा को लेकर

अभूतपूर्व उत्साह है। विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक सभी राजनीतिक संगठन तथा सभी जनप्रतिनिधियों के द्वारा इस यात्रा हेतु जगह-जगह स्वागत, वंदन, द्वार, रंगोलिया झांकियां, पुष्प वर्षा हेतु तैयारी आरंभ कर दी गई है. सौसर विधायक विजय चौरे क्षेत्र के जनप्रतिनिधि होने के नाते शिरडी साईं बाबा की दिव्य चरण पादुका के लिए सभी से सौसर को साईमय बनाकर पादुका यात्रा के स्वागत का आह्वान किया है। आज सौसर में विभिन्न संगठनों की बैठक में दिव्य चरण पादुका यात्रा के भव्य स्वागत की तैयारी पर चर्चा की गई है।

यह उल्लेखनीय है कि श्री शिरडी साई बाबा की पादुकाएं अत्यंत आस्था का केंद्र हैं। देश भर में अनेक स्थानों पर लाखों भक्तों द्वारा इन पादुकाओं का पूजन दर्शन किया गया है। शिरडी साई बाबा के परम भक्त शंकर राव रघुनाथ देशपांडे उर्फ़ नाना साहब निमोनकर को 1898 में बाबा ने स्वयं यह पादुकोण उन्हें सौंपी थी।

हेमाड़ पंत द्वारा रचित साई सदचरित्र ग्रंथ में इनका उल्लेख भी मिलता है। नाना साहब निमोनकर की साईं बाबा से 1890 में पहली मुलाकात हुई और वह 1891 में शिर्डी आकर बस गए। नाना साहब बाबा के महाभक्त थे एवं वे बाबा को देवा कह कर बुलाते थे नाना साहब शिर्डी में आकर बसने वाले प्रथम पंक्ति के व्यक्तियों में से थे। शिरडी साई बाबा द्वारा दी गई पादुकाये नाना साहब की चौथी पीढ़ी नंदकुमार निमोनकर के पास मूल स्वरूप में विद्यमान हैं। नाना साहब ने बाबा के लिए अपनी अकूत संपदा एवं वैभव त्याग कर बाबा की शरण में आने का निर्णय किया था।

निमोन यह गांव शिरडी से लगभग 20 किलोमीटर दूर है नाना साहब यही के निवासी थे इस कारण उनका नाम नाना साहब निमोनकर पड़ा। प्रेस वार्ता में सुनील भानगे, पूनाराम बाविस्टाले, कैलाश चौधरी, प्रशांत महाले, सतीश बोडखे, राजा बोड़े, प्रकाश हनवते, राजेंद्र एमदे, देवेंद्र केदार, एवं समस्त पत्रकार बंधु तथा साईंनाथ सेवा समिति सौसर के सदस्य उपस्थित थे ।

दैनिक राशिफल

बुधवार 19 फरवरी 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की सप्तमी, नक्षत्र- स्वाति।

मेष
आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे।

वृषभ
परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे। आपके क्षेत्र की विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी।

मिथुन
महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करेंगे। घर में माता और स्त्री वर्ग के लिए आप अधिक भावनाशील बन जाएंगे। तनाव महसूस कर सकते हैं। `क-

कर्क
आज का दिन नए काम की शुरुआत या सफलता के लिए अच्छा रहेगा। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आप खुशी अनुभव करेंगे। किसी यात्रा की संभावना है।

सिंह
परिवार के सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। महिला मित्रों की विशेष मदद मिलेगी। अपनी प्रभावकारी वाणी से अन्य लोगों का ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

कन्या
अपने समृद्ध विचार और बोली से आज आपको लाभ होगा। किसी के साथ नए संबंध में जुड़ सकते हैं। आज का दिन व्यापार की दृष्टि से लाभदायक रहने की संभावना है।

तुला
आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

वृश्चिक
घर परिवार के साथ आपको आनंद और संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी और पुत्र की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। शुभ कार्य में भाग ले सकेंगे।

धनु
काम में सफलता का दिन है। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी आपकी पदोन्नति के लिए विचार करेंगे।

मकर
आप अपने व्यापार के लिए नई शैली से काम करेंगे। लेखन और साहित्य संबंधी काम को आगे बढ़ा सकते हैं। शारीरिक थकावट और भय की अनुभूति होगी।

कुंभ
आपके मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। आपके मन में क्रोध और दुःख की भावना हो सकती है।

मीन
भाग्य का साथ होने के आज का दिन अच्छी तरह व्यतीत होगा। बिजनेस में भागीदारी करनी हो तो समय अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ निकटता का अनभव होगा।

म.